Under CSR Support by ipca Foundation | missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 4 | कार्बन एवं उसके यौगिक

## QUIZ PART-02

1. **कार्बन में कार्बन के अन्य परमाणुओं से बंध बनाने की क्षमता को क्या कहते हैं?**
   A. समस्थानिकता  B. श्रृंखलन
   C. संतृप्तता  D. संश्लेषण  (B)

*व्याख्या :* जब कार्बन अपने जैसे अन्य परमाणुओं से बंध बनाता है, उसे श्रृंखलन कहते हैं।

2. **एक संतृप्त यौगिक की सामान्य संरचना क्या होती है?**
   A. CnH2n  B. CnH2n+2
   C. CnH2n−2  D. CnH2n−1  (B)

*व्याख्या :* संतृप्त यौगिकों जैसे ऐल्केन का सामान्य सूत्र CnH2n+2 होता है।

3. **निम्न में से कौन-सा यौगिक असंतृप्त है?**
   A. CH4  B. C2H6
   C. C2H2  D. C3H8  (C)

*व्याख्या :* C2H2 (एथाइन) में तिपल बॉन्ड होता है, जो असंतृप्त यौगिक को दर्शाता है।

4. **C4H10 के दो संरचनात्मक समावयवी यौगिकों की विशेषता क्या है?**
   A. समान गुणधर्म  B. समान संरचना
   C. अलग-अलग आणविक सूत्र
   D. समान आणविक सूत्र पर भिन्न संरचना  (D)

*व्याख्या :* C4H10 के समावयवी एक ही आणविक सूत्र रखते हैं लेकिन उनकी संरचना अलग होती है।

5. **प्रोपीन (C3H6) किस वर्ग का हाइड्रोकार्बन है?**
   A. ऐल्केन  B. ऐल्कीन
   C. ऐल्काइन  D. ऐरोमैटिक  (B)

*व्याख्या :* C3H6 एक डबल बॉन्ड युक्त यौगिक है, इसलिए यह ऐल्कीन वर्ग में आता है।

6. **इलेक्ट्रॉन डॉट संरचना का प्रयोग किसलिए किया जाता है?**
   A. द्रव्यमान ज्ञात करने हेतु
   B. अणु के अंदर इलेक्ट्रॉनों की स्थिति दिखाने हेतु
   C. तापमान मापन हेतु
   D. यौगिक की गंध पहचानने हेतु  (B)

*व्याख्या :* इलेक्ट्रॉन डॉट संरचना से यौगिकों में इलेक्ट्रॉनों का वितरण दर्शाया जाता है।

7. **निम्न में से कौन-सा एक ऐल्काइन यौगिक है?**
   A. CH4  B. C2H6
   C. C2H2  D. C3H6  (C)

*व्याख्या :* C2H2 एक ट्रिपल बॉन्ड वाला यौगिक है, जो ऐल्काइन वर्ग का है।

8. **बेंजीन (C6H6) किस प्रकार का यौगिक है?**
   A. ऐल्कीन  B. ऐल्केन
   C. ऐल्काइन  D. ऐरोमैटिक  (D)

*व्याख्या :* C6H6, बेंजीन एक चक्रीय ऐरोमैटिक यौगिक है।

9. **हाइड्रोकार्बन किसके बने होते हैं?**
   A. केवल हाइड्रोजन  B. केवल कार्बन
   C. कार्बन और हाइड्रोजन
   D. कार्बन और ऑक्सीजन  (C)

*व्याख्या :* हाइड्रोकार्बन कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं से मिलकर बनते हैं।

10. **संतृप्त यौगिकों में कौन-सा बंध पाया जाता है?**
    A. केवल डबल बंध  B. केवल ट्रिपल बंध
    C. केवल एकल बंध  D. कोई बंध नहीं  (C)

*व्याख्या :* संतृप्त यौगिकों में केवल एकल बंध (Single Bond) पाए जाते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App